# नर्मदांचल



नवभारत

भोपाल, रविवार, 17 मई, 2026


# हमारा विचार हमारे संगठन की धुरी

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ में बोले डीडी उइके

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 16 मई.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनहितकारी योजनाएं आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं. ऐसे में संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु बनकर कार्य कर रहा है. हमारा विचार ही हमारे संगठन की धुरी है. यह बात शनिवार को परमशी गार्डन में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में केन्द्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके ने कही.

पहले दिन सत्र की अध्यक्षता विधायक डॉ. सीतासरनशर्मा ने की. इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया.जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने वर्ग की प्रस्तावना देते हुए कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणालीएवं राष्ट्रहित के विषयों से अवगत कराना होता है. साथ ही कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक कौशल और जनसेवा की भावना को मजबूत करना है. प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा की गाथा को दिखाते हुए प्रदर्शनी दिखाई गई है.



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रदेश मंत्री राजो मालवीय, जिला प्रभारी अलकेश आर्य, प्रशिक्षण वर्ग के संभागीय प्रभारी भरतसिंह राजपूत, जिला प्रभारी अनिल कुशवाहा, प्रशिक्षण वर्ग जिला संयोजक मुकेश चंद्र मैना, संतोष पारिख, माधवदास अग्रवाल, पीयूष शर्मा अखिलेश खंडेलवाल, सम्पत मूंदड़ा, पंकज चौरे, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा पटेल सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे.

द्वितीय सत्र में 'भाजपा का इतिहास औरविकास' विषय पर भाजपा प्रदेशउपाध्यक्ष कांत देव सिंह ने संबोधित किया. सत्र की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने की. तृतीय सत्र में 'सैद्धांतिक अधिष्ठान' विषय पर भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर ने संबोधित किया. अध्यक्षता सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने की.चौथे सत्र में 'देश के समक्ष चुनौतियां' विषय पर प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने संबोधित किया. अध्यक्षता पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने की. पांचवें सत्र में भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी ने 'कार्यकर्ता संभाल' विषय पर संबोधित किया. अध्यक्षता राधा सुधीर पटेल ने की. छठवें सत्र में जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने 'विचार परिवार' विषय पर संबोधित किया. सत्र की अध्यक्षता मीसाबंदी शंभू सोनकिया ने की. सातवें सत्र में प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने मीडिया की बारीकियां बताई.अध्यक्षता सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने की. अंतिम व्यवहारिक सत्र को मुदित शेजवार ने संबोधित किया.मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि बंगाल चुनाव के दौरान प्रसिद्ध झालमुरी का प्रशिक्षणार्थियों ने स्वाद लिया.

# शनैश्चरी अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 16 मई.** ज्येष्ठ अमावस्या इस बार एक दुर्लभ और विशेष संयोग लेकर आई. शनिवार के दिन अमावस्या पड़ने से शनैश्चरी अमावस्या का महापुण्य काल बना. इसी दिन न्याय के देवता शनि देव का जन्मोत्सव और अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत भी मनाया गया. लंबे समय बाद बने इस शुभ योग को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया.

सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की. महिलाओं ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश के साथ शनि देव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया. मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और शनि पूजा, हवन तथा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए.



वहीं नर्मदा नदी के प्रमुख घाटों पर अमावस्या स्नान के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे. अलसुबह से ही भक्तों ने नर्मदा में पवित्र डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया. घाटों पर धार्मिक माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के बाद जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और दक्षिणा का दान दिया.

शनि अमावस्या के अवसर पर कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.



### भगवान शनि का तेल-तिल से किया अभिषेक

**हरदा.** नगर के जत्रा पड़ाव स्थित शनि मंदिर में शनिवार को भगवान शनिदेव की जयंती मनाई गई. सुबह से ही विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. भक्तों ने भगवान शनिदेव के दर्शन कर उन्हें सरसों का तेल और काले तिल अर्पित किए तथा अपने परिवार की खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की. शनि भक्त सुनील राजपूत ने बताया कि पूजन-अर्चन के पश्चात मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया,

# शासकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 16 मई. नगर के मध्य स्थित बीज निगम परिसर में शासकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा द्वारा किया गया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि यह भवन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव है. उन्होंने कहा कि नवीन महाविद्यालय भवन के माध्यम से छात्राओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर .

भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि नवीन भवन क्षेत्र की छात्राओं के लिए शिक्षा के नए अवसर तैयार करेगा.इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, वरिष्ठ नेता राजेंद्र साध, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, रघुवीर सिंह राजपूत उपस्थित थे.

# अवैध शराब सहित तीन गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 16 मई. कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लीटर देशी शराब और परिवहन में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार जब्त की है.जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 5 लाख 54 हजार रुपये बताई गई है. कार्रवाई पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन में की गई.**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक्सीलेंस स्कूल मैदान स्थित पानी की टंकी के पास खड़ी सफेद रंग की स्विफ्ट कार में



अवैध शराब रखी हुई है. सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वाहन की तलाशी ली. तलाशी के दौरान कार से 18 पेटी देशी मदिरा प्लेन बरामद हुई, जिसकी मात्रा 162 लीटर और कीमत करीब 54 हजार रुपये आंकी गई. कार में मौजूद दो आरोपियों ने अपने नाम शोएब खान निवासी माखननगर और सुरेंद्र यादव निवासी अंकिता नगर नर्मदापुरम बताए. दोनों आरोपी शराब संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. पूछताछ में उन्होंने शराब श्याम ठाकुर निवासी कुलामड़ी से खरीदना बताया.

## एक नजर में



### विलुप्त बीजों के संरक्षण पर गुर्जर सम्मानित

**बनखेड़ी.** ग्राम गरधा निवासी किसान मानसिंह गुर्जर को विलुप्त होती देशी बीजों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया. वे पिछले लगभग 20 वर्षों से प्राकृतिक खेती करते हुए देशी बीजों को संरक्षित और संवर्धित करने का कार्य कर रहे हैं. गुर्जर अब तक करीब 600 से अधिक देशी बीजों की प्रजातियों को सुरक्षित रख चुके हैं. उनका यह प्रयास न केवल जैव विविधता को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, बल्कि किसानों को पारंपरिक और टिकाऊ खेती की ओर भी प्रेरित कर रहा है. भोपाल में रवीन्द्र भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, अखिल भारतीय संयोजक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोपाल आर्य, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग तथा पद्मश्री मोहन नागर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

### गेहूं खरीदी में लापरवाही से किसान परेशान

**बनखेड़ी.** गेहूं खरीदी में लापरवाही से किसान परेशान हैं. हर जगह वेयरहाउसों के आसपास सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियों की कतार लगी है. कई किसान तो किराये के ट्रैक्टर लेकर गेहूं बेचने आए हैं. जिले भर में बरदान की कमी देखी जा रही. जिससे दो-दो, तीन-तीन दिन तुलाई नहीं हो रही है. खुले में हजारों टन गेहूं पड़ा हुआ है. आसमान में बादल छाए हुए हैं. इससे किसान नुकसान होने की आशंका से भयभीत हैं. यह बात बनखेडी के समीपवर्ती ग्राम कुर्शीढाना खरीदी केंद्र पर में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र भार्गव ने कहा कि समस्या का समाधान नहीं हुआ शीघ्र नहीं हुआ तो हर केंद्रों पर किसानों की आवाज बुलंद करने को बाध्य होना पड़ेगा.

### चलती गाड़ी पर झपट्टा मारकर बैग छीना

**नर्मदापुरम.** रसूलिया क्षेत्र में गीता भवन के पास एक महिला टीचर से झपट्टा मारकर बैग छीनने की घटना सामने आई है. वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 3 :35 बजे की बताई जा रही है. बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश महिला के पास पहुंचे और चलते वाहन से उनका बैग छीनकर फरार हो गए. पीड़िता अनीता पति राजेश निवासी सांई हेवन सिटी डबल फाटक, मार्केट से अपने घर लौट रही थीं. इसी दौरान पीछे से आए बदमाशों ने महिला को धक्का देते हुए उनके कंधे से बैग झपट लिया.



# मेधावी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता का हुआ सम्मान

## विधायक ने विद्यार्थियों को हाथ घड़ी भेंट की

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 16 मई.** लोधा लोवंशी मांगलिक भवन में लोधा (लववंशी) क्षत्रिय समाज महिला संगठन जिला नर्मदापुरम द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष श्रीमती राधा हंसराज बरकुड़ एवं जिला प्रभारी अनिता रामकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में हुआ.

समारोह में वर्ष 2025-26 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 51 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. साथ ही उनके माता-पिता का भी पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया.

मुख्य अतिथि लोधा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा थे. अध्यक्षता प्रदेश महिला संगठन अध्यक्ष मनीषा संतोष लोवंशी ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र साध, प्रदेश अध्यक्ष महेश लोवंशी

> कार्यक्रम में विधायक प्रेमशंकर वर्मा, राजेंद्र साध, महेश लोवंशी, मनीषा लोवंशी, विवेक साध एवं युवा जिलाध्यक्ष प्रमोद लोवंशी ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी.

एवं जिलाध्यक्ष विवेक साध उपस्थित थे. विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप हाथ घड़ी भेंट की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

राष्ट्रीय पिट्ठू प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले ख्वाब पिता राजेंद्र एवं ज्योति लोवंशी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया. महिला संगठन जिलाध्यक्ष श्रीमती राधा हंसराज बरकुड़ ने स्वागत भाषण दिया, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला प्रभारी अनिता रामकृष्ण वर्मा ने रखी. क्संचालन जिला प्रवक्ता कमलेश लोवंशी एवं पार्षद ईश्वर दास जमींदार ने किया. आभार प्रदर्शन जिला प्रवक्ता गुलाब लोवंशी ने व्यक्त किया.

# डूबती महिला को जवानों ने बचाया

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 16 मई.** शनि अमावस्या के अवसर पर शनिवार को सेठानी घाट पर स्नान के दौरान एक महिला नर्मदा नदी में डूबने लगी. मौके पर मौजूद एसडीईआरएफ और होमगार्ड के जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला की जान बचा ली.

जानकारी के अनुसार, इंदौर निवासी महिला अपने परिवार के साथ घाट पर स्नान करने आई थी. दोपहर करीब 12 बजे नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई. महिला को डूबता देख परिजन घाट पर तैनात एसडीईआरएफ जवान कर्मवीर गढ़वाल और होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह राजपूत ने बिना देर किए नदी में छलांग लगाई. दोनों जवान महिला को बाहर निकाल लाए.

# वट सावित्री पूजा के दौरान मधुमक्खियों का हमला

**इटारसी, 16 मई.** शहर की न्यास कॉलोनी में वट सावित्री पूजा के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने महिलाओं पर हमला कर दिया. घटना के बाद पूजा स्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और कई महिलाएं घायल हो गईं. जानकारी के अनुसार महिलाएं बरगद के पेड़ के पास वट सावित्री व्रत की पूजा कर रही थीं. इसी दौरान पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियां अचानक भड़क गईं और वहां मौजूद महिलाओं पर हमला कर दिया. मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए महिलाएं इधर-उधर भागने लगीं, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई. घटना में कई महिलाओं को मधुमक्खियों ने काट लिया. स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और प्राथमिक उपचार कराया. कुछ महिलाओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया.


प्ररूप - दस | नियम 7 देखिये

**न्यायालय नायब तहसीलदार , तहसील सोहागपुर , जिला नर्मदापुरम म .प्र .**

**रंजीत सिंह चौहान , तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम**

**सार्वजनिक नोटिस**

जावक क्रमांक | मामला क्रमांक 0033/ अ-6 /वर्ष 2025-27 मौजा गौरीगांव

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हैं .कोई भी हितवद्व व्यक्ति दिनांक 18/05/2026 को बजे स्थान सोहागपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं . नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जाएगा .

| क्र . | पटवारी हल्का | मौजा | ख .न . | रकबा हे .में | वर्तमान खातेदार का नाम जिसका नाम खारिज होना हैं | उस व्यक्ति का नाम जिसके नाम पर नामांतरण बंटवारा होना विचाराधीन हैं . |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 . | रानी गोहान | गौरी गांव | 49/1<br>69/3 | 0 .6070<br>0 .3000 | श्रीबाई पुत्री सूरत सिंह | उमेश उइके आ . बलीराम उइके, राजेन्द्र आ . बहादुर |

आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया .
दिनांक,07 .05 .2026 स्थान, सोहागपुर मुद्रा

नायब तहसीलदार
सोहागपुर



बिक्री / ई-नीलामी नोटिस

**आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड परिसमापन में**

CIN: U45201MP1999PTC013634

पंजीकृत पताः TF-03, ब्लॉक नंबर-03, प्लॉट नंबर-7 महेंद्र बिजनेस स्क्वायर, बावड़िया कलां, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462039 कंपनी परिसमापन के तहत माननीय NCLT आदेश दिनांक 22.05.2024 के तहत IA-12/2024 Liq और C.P. (IB)/353/PB/2022.

**कॉर्पोरेट देनदार की संपत्तियों की बिक्री को 'संपत्तियों के सेट के रूप में सामूहिक रूप से' बेचा जा रहा है,** जैसा कि विनियमन 32 के उपखंड (c), विनियमन 33 की उप-विनियमन (1) और भारतीय दिवाला और दिवालापन बोर्ड (लिक्विडेशन प्रक्रिया) विनियम, 2016 की अनुसूची । में निर्दिष्ट है, जिसके तहत **लिक्विडेटर श्री कुलदीप टांक को माननीय NCLT Principal Bench द्वारा दिनांक 04.12.2024 के इसके आदेश सं. IA-5688/2024, C.P. (IB)-353(PB)/2022** के तहत नियुक्त किया गया। यह बिक्री ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://ibbi.baanknet.com के माध्यम से की गई।

| क्र. सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| | | **ब्लॉक-A से D: संयुक्त रूप से आस्तियों के किसी समूह का** (विनियमन 32(c) के तहत) |
| 1. | बिक्री नोटिस और ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज के प्रकाशन की तिथि | 17/05/2026 |
| 2. | इच्छुक बोलीदाता द्वारा 29ए पात्रता दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन बोली आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 17/05/2026 सुबह 11:00 बजे से 05/06/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 3. | नीलामी के अंतर्गत परिसंपत्तियों के निरीक्षण या यथोचित परिश्रम की तिथि और समय (पूर्व नियुक्ति के साथ) | 17/05/2026 सुबह 11:00 बजे से 04/06/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 4. | इच्छुक बोलीदाता द्वारा बयाना राशि जमा करने की तिथि और समय | 18/05/2026 सुबह 11:00 बजे से 05/06/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 5. | नीलामी की तिथि और समय | सोमवार, 08/06/2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट का असीमित विस्तार) |
| 6. | उच्चतम बोलीदाता की घोषणा | 11/06/2026 |
| 7. | सफल बोलीदाता की घोषणा | संभावित रूप से 15/06/2026 |
| 8. | परिसमापक का पता और ईमेल | 202, ब्लॉक-ए, द वन, आरएनटी मार्ग, इंदौर-452001 **ibduniversal21@gmail.com** |

**ब्लॉक-A से D:**

**आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 32(c) के तहत सामूहिक रूप से परिसंपत्तियों का सेट (विनियमन 32(c) के तहत) जिसमें भूमि, भवन, प्रतिभूतियाँ और वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हैं, जहां है जैसा है, जो भी है आधार पर और बिना किसी सहारे के आधार पर आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड, परिसमापन में (''कॉर्पोरेट देनदार'') परिसंपत्तियों की बिक्री**

| ब्लॉक | आस्तियों का विवरण | नीलामी का तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य रु. | ईएमडी रु. | बोली वृद्धि राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | आईबीडी रॉयल सिटी, ग्राम – रायपुर, तहसील और जिला– होशंगाबाद (नर्मदापुरम)– 461001 पर प्लॉटों में कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | सोमवार 08/06/2026 सुबह 11:00 तक से दोप. 02:00 तक (प्रत्येक 5 मिनट का असीमित विस्तार) | **2,54,71,637** | 25,47,164 | 5,00,000 |
| B | आईबीडी हॉलमार्क सिटी, कोलार रोड, भोपाल में 25 (1862.79 वर्ग मीटर) आंशिक रूप से पूर्ण / लगभग पूर्ण फ्लैटों में कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | **2,53,69,329** | 25,36,933 | 5,00,000 |
| C | आईबीडी हॉलमार्क सिटी, कोलार रोड, भोपाल में ब्लॉक B के अलावा कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | **6,24,90,382** | 62,49,038 | 10,00,000 |
| D | कॉर्पोरेट देनदार की सभी सुरक्षा और वित्तीय संपत्तियाँ। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | **1,22,88,356** | 12,28,836 | 5,00,000 |

आरक्षित मूल्य में कर, जीएसटी, टीडीएस, शुल्क, प्रभार, शुल्क, स्थानांतरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, प्रीमियम आदि शामिल नहीं हैं वारंटी और क्षतिपूर्ति के बारे में कोई प्रतिनिधित्व नहीं किया जाएगा।

**ई-नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी का उपयोग करके https://ibbi.baanknet.com के माध्यम से पंजीकरण करना आवश्यक है। सहायता के लिए संपर्क करें: support.baanknet@psballiance.com / मोबाइल नंबर +91 8291220220
2. परिसमापक का संपर्क विवरणः श्री कुलदीप टाँक ईमेलः ibduniversal21@gmail.com संपर्क नंबर 9826677735
3. संपत्तियों का विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा और वचनबद्धता फॉर्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें युक्त संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/ पर उपलब्ध हैं।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, अन्य, यदि कोई हो, स्थानीय प्रशासन के बकाए आदि के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। और उपरोक्त परिसंपत्तियों की बिक्री पर यदि कोई हस्तांतरण शुल्क होगा तो उसे वहन करेंगे और अपने खर्च पर संपत्ति का निरीक्षण करेंगे और खुद को संतुष्ट करेंगे। ऊपर उल्लिखित परिसंपत्तियों का विवरण संभावित बोलीदाताओं द्वारा साइट पर परिसमापक और उसकी टीम से संपर्क करके निरीक्षण किया जा सकता है।
5. ब्लॉक A, ब्लॉक B, ब्लॉक C, और ब्लॉक D, की नीलामी सामूहिक रूप से एक ब्लॉक में सभी संपत्तियों के लिए होगी।
6. बिक्री नोटिस को ई-नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज के साथ पढ़ा जाना चाहिए और साथ ही उसमें उल्लिखित नियमों और शर्तों से सहमत होना चाहिए जो https://ibbi.baanknet.com पर उपलब्ध है।
7. संभावित बोलीदाता केवल बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से बयाना राशि जमा (EMD) जमा करेगा।
8. संभावित बोलीदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक नीलामी मंच के माध्यम से दिवालियापन और दिवालियापन संहिता की धारा 29 ए के तहत पात्रता की घोषणा सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
9. **यदि उच्चतम बोलीदाता अयोग्य पाया जाता है, जिसमें उपरोक्त क्रमांक 8 के तहत उल्लिखित बोलीदाता भी शामिल है, तो ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।**
10. यदि परिसमापक परामर्श समिति के परामर्श से उच्चतम बोलीदाता को अयोग्य पाते हुए अस्वीकार कर देता है, तो परिसमापक परामर्श समिति के परामर्श से विनियमों के खंड (12ए) से खंड (12ई) के अंतर्गत प्रदान की गई प्रक्रिया का पालन करने के बाद अगले उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित कर सकता है।
11. सफल बोलीदाता को लागू स्टाम्प शुल्क / लीज हस्तांतरण शुल्क, फीस आदि और सभी स्थानीय कर, शुल्क, दरें, मूल्यांकन शुल्क, फीस, रखरखाव शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। नीलामी में रखी गई संपत्ति के संबंध में।
12. ई-नीलामी "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा "बिना किसी सहायता के" https://ibbi.baanknet.com. पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
13. बिक्री ई-नीलामी के दस्तावेज में कोई भी परिवर्तन सेवाप्रदाता की वेबसाईट पर किया जायेगा।

**कुलदीप टाँक**
**मैसर्स आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड**
**के मामले में परिसमापक**
**(परिसमापन प्रक्रिया के तहत)**
Registration No: IBBI/IPA-001/IP-P-02776/2022-2023/14255
AFA 30.06.2027 तक वैध
ई-मेल आईडी: ibduniversal21@gmail.com
पताः 202, ब्लॉक-ए, द वन, आरएनटी मार्ग, इंदौर-452001
दिनांकः 17.05.2026, स्थानः इंदौर



ਜੀਅ ਜੰਤ ਤੇਰੇ ਧਾਰੇ॥ ਪ੍ਰਭ ਡੋਰੀ ਹਾਥਿ ਤੁਮਾਰੇ॥
ਜਿ ਕਰਾਵੈ ਸੋ ਕਰਣਾ॥ ਨਾਨਕ ਦਾਸ ਤੇਰੀ ਸਰਣਾ॥

**"भोग एवं अंतिम अरदास"**



स. नरिंदर सिंह कुकरेजा जी दी धर्मपत्नी **सरदारनी रजिंदर कौर जी** अकाल चलाना कर गये हन, ऊना दी आत्मिक कल्याण्ता वास्ते अखण्ड पाठ साहिब जी दी समाप्ति रविवार 17 मई 2026, 1 तो 2 बजे वेरागमई कीर्तन दीवान एवं अंतिम अरदास ।

**स्थान:** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, स्टेशन रोड, इटारसी ।

**शोकाकुल :**
- दलजिंदर सिंह कुकरेजा, रविंदर कौर
- बब्लू सिंह कुकरेजा, गुरप्रीत कौर
- बलजिंदर कौर, मंजीत सिंह छाबड़ा
- रविंदर कौर, अप्पजीत सिंह ओबेराय

कुकरेजा कंप्यूटर्स
**मो.न.:** 9826225990


प्रेस वार्ता | कांग्रेस नेता ने लगाया आरोप

# 2500 डंपर कचरा सिर्फ कागजों में साफ

**इटारसी, 16 मई.** शहर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के निष्पादन कार्य में करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप सामने आया है.

कांग्रेस नेता अमोल उपाध्याय ने प्रेस वार्ता कर दावा किया कि करीब 1.72 करोड़ रुपये की परियोजना में बिना वास्तविक काम किए लगभग 2500 डंपर कचरे का निपटान कागजों पर दिखा दिया गया. आरोप लगाया गया कि ग्वालियर की एसआर मैप टेक्नोलॉजी कंपनी को 31,400 मीट्रिक टन कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन का ठेका दिया गया था, लेकिन मौके पर न तो ट्रॉमेल मशीन और न ही वेट ब्रिज की उचित व्यवस्था थी. इसके बावजूद करीब 84 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान कर दिया गया. घोटाले के सबूत मिटाने के लिए रात में कचरे के ढेर में आग लगाई गई, जिससे जहरीली गैसें वातावरण में फैल गईं. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में शिकायत दर्ज कराई गई है. शिकायत में कार्यदायी संस्था, नगरपालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है. पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ वकील अशोक जैन ने कहा कि इतिहास में ऐसा अध्यक्ष शहर की जनता को नहीं मिला जिसमें सिर्फ काम के वजह झूठ का सहारा लेकर आम जनता को भ्रमित किया . अध्यक्ष झूठ की नाव पर सवार हैं.

> इस मामले में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का कहना है कि परियोजना पूरी पारदर्शिता और तकनीकी मानकों के अनुसार संचालित की जा रही है. निकाय के अनुसार कचरे के निष्पादन के लिए ड्रोन सर्वे, बायो-कल्चर छिड़काव और ट्रॉमेल मशीन का उपयोग किया गया है. नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि डंप साइट पर आग लगने की घटना गर्मी और कचरे में मौजूद ज्वलनशील पदार्थों के कारण हुई थी, न कि जानबूझकर लगाई गई आग के कारण.